प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन
एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के ओर से हिन्दी दिवस सप्ताह का आयोजन

पन्तनगर। 08 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय में एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में हिन्दी दिवस सप्ताह समारोह के अन्तर्गत परिसर स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कृषि महाविद्यालय के डा. बीबी सिंह ऑडीटोरियम में किया गया। 11 सितम्बर को श्रुतिलेख प्रतियोगिता परिसर स्थित विभिन्न प्राइमरी स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगी। इसके अलावा 12 सितम्बर को कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्वरचित कविता पाठ का आयोजन विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के पर्यावरण विभाग में किया जायेगा। हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को सफल बनाने में एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष त्रिलोकी शंकर मिश्रा, अशोक कुमार कुशवाहा, ज्योति चन्द्रा, दीपक सिंह धनकी, ज्योति, भावना, अंकिता व रेनू भट्ट की विशेष भूमिका रही। हिन्दी दिवस सप्ताह समारोह का समापन राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को किया जायेगा, जिसमें प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते परिसर स्थित विद्यालयों के विद्यार्थी।

निदेशक संचार